C.S(P)-09

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : P-DTQ-J-QVB** **Test Booklet Series**

**Serial No.** 16049

**A**

# TEST BOOKLET

## PUBLIC ADMINISTRATION

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 300**

INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

**1.** Who among the following have advocated the public policy aspect of Public Administration?

1. H. Walker
2. M. E. Dimock
3. F. A. Nigro
4. J. W. Fesler

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 2, 3 and 4

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1, 3 and 4

**2.** Who among the following views Public Administration as the art and science of management as applied to the affairs of the State?

*(a)* John Mc Veigh

*(b)* Luther Gulick

*(c)* D. Waldo

*(d)* J. M. Pfiffner

**3.** According to Graicunas law of relationships, if the number of subordinates in an organization is 8, which one of the following is the span of total relationships?

*(a)* 100

*(b)* 490

*(c)* 1080

*(d)* 2376

**4.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I (Scholar)* | | *List–II (Significance of Public Administration)* |
|---|---|---|---|
| A. | F. A. Nigro | 1. | Its real core consists of the basic services |
| B. | H. Fayol | 2. | A great creative force with men's welfare as its ideal |
| C. | P. Appleby | 3. | No government can exist without it |
| D. | D. Waldo | 4. | Its processes are universal |
| | | 5. | Its chief function is to facilitate social change |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 3 | 4 | 2 |
| *(b)* | 5 | 1 | 3 | 4 |
| *(c)* | 4 | 5 | 2 | 1 |
| *(d)* | 1 | 4 | 3 | 2 |

**1.** निम्नलिखित में से किसने लोक प्रशासन के लोक नीति पहलू का समर्थन किया है?

1. एच० वाकर
2. एम० ई० डीमॉक
3. एफ० ए० नीग्रो
4. जे० डब्ल्यू० फेसलर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 2, 3 और 4

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* 1, 3 और 4

**2.** निम्नलिखित में से कौन लोक प्रशासन को राज्य के मामलों में यथा-अनुप्रयुक्त प्रबन्धन की कला और विज्ञान के रूप में देखता है?

*(a)* जॉन मैक वीग

*(b)* लूथर गुलिक

*(c)* डी० वाल्डो

*(d)* जे० एम० पिफनर

**3.** ग्रैकुनास के सम्बन्ध-नियम के अनुसार, यदि किसी संगठन में अधीनस्थों की संख्या 8 है, तो कुल सम्बन्धों की विस्तृति निम्नलिखित में से कौन-सी एक है?

*(a)* 100

*(b)* 490

*(c)* 1080

*(d)* 2376

**4.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (विद्वान) | सूची-II (लोक प्रशासन का महत्त्व) |
|---|---|
| A. एफ० ए० नीग्रो | 1. इसके वास्तविक आंतरिक क्षेत्र में मूलभूत सेवाएँ शामिल हैं |
| B. एच० फेयॉल | 2. व्यक्तियों के कल्याण के प्रति महान सर्जनात्मक शक्ति इसका आदर्श है |
| C. पी० एप्पलबी | 3. कोई भी सरकार इसके बिना अस्तित्व में नहीं रह सकती है |
| D. डी० वाल्डो | 4. इसकी प्रक्रियाएँ सार्वभौमिक हैं |
| | 5. इसका प्रमुख कार्य सामाजिक परिवर्तन को सुसाध्य बनाना है |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 3 | 4 | 2 |
| *(b)* | 5 | 1 | 3 | 4 |
| *(c)* | 4 | 5 | 2 | 1 |
| *(d)* | 1 | 4 | 3 | 2 |

5. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Approach to Study of Public Administration)* | *List–II (Explanation)* |
|---|---|
| A. Philosophical approach | 1. Uses administrative realities and acquaints the scholars with them |
| B. Historical approach | 2. Interprets the information pertaining to administrative agencies in a chronological order |
| C. Legal approach | 3. Deals with formal structure, organization, powers and functions of public authorities |
| D. Case study approach | 4. Considers all facets of administrative activities |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 3 | 4 | 2 |
| *(b)* | 1 | 4 | 3 | 2 |
| *(c)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 4 | 2 | 3 | 1 |

6. Which one of the following is ***not*** a conceptual approach in Comparative Public Administration as identified by Ferrel Heady?

*(a)* Cybernetics approach

*(b)* Modified traditional approach

*(c)* Development-administration approach

*(d)* General systems approach

7. Which one of the following is ***not*** a trait of post-modern theory of Public Administration?

*(a)* Critical theory

*(b)* Structuration theory

*(c)* Phenomenology

*(d)* Meta-narrativism

8. Which one of the following is ***not*** a characteristic of 'Sala model' of prismatic society?

*(a)* Nepotism

*(b)* Entrepreneurship

*(c)* Clects

*(d)* Functional diffusion

9. What does 'Bazar-Canteen model' represent?

*(a)* Marketization in new public management

*(b)* Economic sub-system of prismatic society

*(c)* Financial system of fused authority

*(d)* Economic freedom under public-private partnership

5. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (लोक प्रशासन के अध्ययन का उपागम) | सूची–II (व्याख्या) |
|---|---|
| A. दार्शनिक उपागम | 1. प्रशासनिक वास्तविकताओं का प्रयोग करता है और विद्वानों को उनसे अवगत कराता है |
| B. ऐतिहासिक उपागम | 2. प्रशासनिक अभिकरणों से सम्बन्धित सूचनाओं का कालानुक्रमिक अर्थ निरूपण करता है |
| C. विधिक उपागम | 3. लोक प्राधिकारीवर्ग के औपचारिक ढाँचे, संगठन, शक्तियों और कार्यों से सम्बन्ध रखता है |
| D. केस-अध्ययन उपागम | 4. प्रशासनिक क्रियाकलापों के सभी पहलुओं को ध्यान में रखता है |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 3 | 4 | 2 |
| *(b)* | 1 | 4 | 3 | 2 |
| *(c)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 4 | 2 | 3 | 1 |

6. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, फेरेल हेडी द्वारा पहचाना गया, तुलनात्मक लोक प्रशासन का संप्रत्ययात्मक उपागम **नहीं** है?

*(a)* संतांत्रिकी उपागम

*(b)* रूपांतरित परंपरागत उपागम

*(c)* विकास-प्रशासन उपागम

*(d)* सामान्य प्रणाली उपागम

7. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, लोक प्रशासन के उत्तर-आधुनिक सिद्धान्त का विशेषक **नहीं** है?

*(a)* समीक्षात्मक सिद्धान्त

*(b)* संरचना सिद्धान्त

*(c)* घटनाविज्ञान

*(d)* अधिवर्णनात्मकतावाद (मेटा-नैरेटिविज्म)

8. निम्नलिखित में से कौन-सी एक प्रिज़्मीय समाज के 'साला मॉडल' की विशिष्टता **नहीं** है?

*(a)* भाई-भतीजावाद

*(b)* उद्यमवृत्ति

*(c)* क्लेक्ट्स

*(d)* प्रकार्यात्मक विसरण

9. 'बाज़ार-कैन्टीन मॉडल' क्या निरूपित करता है?

*(a)* नवीन लोक प्रबन्धन में बाज़ारीकरण

*(b)* प्रिज़्मीय समाज की आर्थिक उप-व्यवस्था

*(c)* फ्यूज़्ड सत्ता की वित्तीय व्यवस्था

*(d)* सरकारी-गैरसरकारी साझेदारी के अन्तर्गत आर्थिक स्वतन्त्रता

**10.** Which of the following models of Fred Riggs is/are nearest in focus to Max Weber's Traditional Authority System?

(a) Agraria only

(b) Fused only

(c) Agraria and Fused

(d) Industria

**11.** Which one of the following principles of Henri Fayol is in contrast to F. W. Taylor's concept of functional authority?

(a) Discipline

(b) Hierarchy

(c) Departmentalization

(d) Unity of command

**12.** Identify the ***incorrect*** statement

According to Ferrel Heady, the developing countries

(a) have imitative and unindigenous bureaucracies

(b) do not permit functional autonomy to their public services

(c) have administrative services without administrative development

(d) have elitist bureaucracies which are dysfunctional

**13.** Which of the following are the defining features of Public Administration according to Sir Josiah Stamp?

1. Uniformity of rules
2. Political accountability
3. Lack of ethics in business practices
4. Matrix structure of organizations

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2, 3 and 4

(c) 1 and 2 only

(d) 3 and 4 only

**14.** Which of the following concepts find prominence in public choice theory?

1. Competition
2. Efficiency
3. Public Utility Maximization
4. Marketization

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1, 2 and 4

(b) 1 and 3

(c) 2 and 3 only

(d) 2, 3 and 4

**10.** फ्रेड रिग्स का निम्नलिखित में से कौन-सा/से मॉडल, अपने संकेन्द्रण में मैक्स वेबर की परंपरागत सत्ता व्यवस्था के सर्वाधिक निकट है/हैं?

(a) केवल कृषिक (अग्रेरिया)

(b) केवल फ्यूज़्ड

(c) कृषिक (अग्रेरिया) और फ्यूज़्ड

(d) औद्योगिक (इंडस्ट्रिया)

**11.** हेनरी फेयॉल का निम्नलिखित में से कौन-सा एक सिद्धान्त, एफ० डब्ल्यू० टेलर के प्रकार्यात्मक सत्ता की संकल्पना से वैषम्य रखता है?

(a) अनुशासन

(b) सोपान

(c) विभागीकरण

(d) समादेश की एकता

**12.** **गलत** कथन को पहचानिए :

फेरेल हेडी के अनुसार

(a) विकासशील देशों के पास अनुकरणात्मक और अस्वदेशी अधिकारीतन्त्र हैं

(b) विकासशील देश अपनी लोक सेवाओं को प्रकार्यात्मक स्वायत्तता प्रदान नहीं करते

(c) विकासशील देशों के पास प्रशासनिक सेवाएँ हैं, लेकिन बिना प्रशासनिक विकास के

(d) विकासशील देशों के पास अभिजन अधिकारीतन्त्र हैं, जो अपक्रियात्मक हैं

**13.** सर जोसिया स्टैंप के अनुसार, निम्नलिखित में से लोक प्रशासन को परिभाषित करने वाली कौन-सी विशेषताएँ हैं?

1. नियमों की एकरूपता
2. राजनैतिक उत्तरदायित्व
3. कारोबारी चलन में आचारनीति का अभाव
4. संगठनों की आधात्री संरचना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 3 और 4

**14.** निम्नलिखित संकल्पनाओं में से लोक विकल्प सिद्धान्त में किन्हें प्रमुखता प्राप्त है?

1. प्रतिस्पर्धा
2. कार्य-कुशलता
3. लोकोपयोगिता अधिकतमीकरण
4. बाज़ारीकरण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1, 2 और 4

(b) 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 2, 3 और 4

**15.** In the context of State v/s Market debate, which of the following statements are correct?

1. It has a concern for institutional pluralism in the provision of public goods and services.
2. It promotes consumers' preferences.
3. It has given rise to market orientation.
4. It emphasizes the role of Public Administration as the major provider of goods and services.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 3 and 4

**16.** Which one of the following is ***not*** propounded by F. W. Taylor?

*(a)* Differential piece rate system

*(b)* Time and motion study

*(c)* Unity of command

*(d)* Shop management

**17.** Identify the correct order of stages in decision-making, as identified by Herbert Simon

*(a)* Design activity–Choice activity–Intelligence activity

*(b)* Intelligence activity–Design activity–Choice activity

*(c)* Choice activity–Design activity–Intelligence activity

*(d)* Intelligence activity–Choice activity–Design activity

**18.** Consider the following statements :

New Public Administration

1. upholds social equity
2. favours ethics-centric public policies
3. advocates centralized structures
4. stands for value-based goals

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 4 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 1, 2 and 4

*(d)* 3 and 4

**19.** Which one of the following has been suggested by Henri Fayol as an alternative to scalar chain?

*(a)* Dual command

*(b)* Unity of direction

*(c)* Gangplank

*(d)* Esprit de corps

**15.** राज्य बनाम बाज़ार बहस के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. इसका सार्वजनिक वस्तुओं और सेवाओं के प्रावधान में संस्थागत बहुलवाद के साथ सरोकार है।
2. यह उपभोक्ताओं के अधिमानों को संवर्धित करती है।
3. इसने बाज़ार अभिविन्यास को उत्पन्न किया है।
4. यह लोक प्रशासन की, वस्तुओं और सेवाओं के प्रमुख पूर्तिकर्ता के रूप में, भूमिका पर बल देती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* 3 और 4

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक एफ॰ डब्ल्यू॰ टेलर द्वारा प्रतिपादित **नहीं** है?

*(a)* विभेदक अमानी दर पद्धति

*(b)* समय-गति अध्ययन

*(c)* समादेश की एकता

*(d)* प्रतिष्ठान-प्रबन्धन (शॉप मैनेजमेन्ट)

**17.** हर्बर्ट साइमन द्वारा यथा-अभिज्ञात, निर्णयन में आने वाली अवस्थाओं के सही क्रम को पहचानिए

*(a)* अभिकल्प क्रियाकलाप–वरण क्रियाकलाप–बुद्धि क्रियाकलाप

*(b)* बुद्धि क्रियाकलाप–अभिकल्प क्रियाकलाप–वरण क्रियाकलाप

*(c)* वरण क्रियाकलाप–अभिकल्प क्रियाकलाप–बुद्धि क्रियाकलाप

*(d)* बुद्धि क्रियाकलाप–वरण क्रियाकलाप–अभिकल्प क्रियाकलाप

**18.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

नवीन लोक प्रशासन

1. सामाजिक साम्या को मान्य ठहराता है
2. आचारनीति केन्द्रित लोकनीतियों का अनुमोदन करता है
3. केन्द्रीकृत संरचनाओं का पक्षसमर्थन करता है
4. मूल्याधारित लक्ष्यों का समर्थन करता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 4

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 4

*(d)* 3 और 4

**19.** हेनरी फेयॉल द्वारा, सोपान (स्केलर) शृंखला के विकल्प के रूप में, निम्नलिखित में से किस एक का सुझाव दिया गया है?

*(a)* द्वैध समादेश

*(b)* निदेश की एकता

*(c)* गैंगप्लैंक

*(d)* समूह-भावना

20. Which of the following are the salient characteristics of neo-liberalism that have promoted new public management?

1. Welfare State
2. Individual Liberty
3. Market Mechanism
4. Privatization

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1 and 3

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 2, 3 and 4

21. Consider the following statements :

The discourse theory of post-modern Public Administration as propounded by Fox and Miller believes in

1. pluralistic perspective on public policy
2. deterministic approach to public policy
3. de jure nature of public policy
4. Public Administration as a public energy field

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 2 and 3

*(b)* 1 and 2

*(c)* 4 only

*(d)* 1 and 4

22. Consider the following statements in respect of new public management :

1. It aims at economy, efficiency and effectiveness.
2. It emphasizes on the vital role of the market as against the State as the key regulator of society and economy.
3. Government is the major doer of public activities.
4. It supports the various concepts and principles of traditional Public Administration.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 2 and 4

*(d)* 1 and 4

23. According to Chris Argyris, which one of the following situations is a positive hindrance in facilitating coordination in an organization?

*(a)* Hierarchical coercion

*(b)* Standardized procedures

*(c)* Grapevine communication

*(d)* Administrative planning

20. निम्नलिखित में से नव-उदारतावाद की कौन-सी प्रमुख विशेषताएँ हैं, जिन्होंने नवीन लोक प्रबन्धन को बढ़ावा दिया है?

1. कल्याणकारी राज्य
2. व्यक्ति स्वतन्त्रता
3. बाज़ारतन्त्र
4. निजीकरण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 2, 3 और 4

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

फॉक्स और मिलर द्वारा प्रतिपादित उत्तर-आधुनिक लोक प्रशासन का प्रोक्ति (डिस्कोर्स) सिद्धान्त

1. लोकनीति पर बहुवादी परिप्रेक्ष्य में विश्वास करता है
2. लोकनीति के प्रति नियतिवादी उपागम में विश्वास करता है
3. लोकनीति के विधितः स्वरूप में विश्वास करता है
4. लोक ऊर्जा क्षेत्र के रूप में लोक प्रशासन में विश्वास करता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 2 और 3

*(b)* 1 और 2

*(c)* केवल 4

*(d)* 1 और 4

22. नवीन लोक प्रबन्धन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसका उद्देश्य किफायत, कार्यकुशलता और प्रभावकारिता है।
2. राज्य के समाज और अर्थव्यवस्था के मुख्य नियामक होने के विपरीत, यह बाज़ार की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देता है।
3. सरकार, सार्वजनिक क्रियाकलापों का प्रमुख कर्ता है।
4. यह परंपरागत लोक प्रशासन की अनेक संकल्पनाओं और सिद्धान्तों का समर्थन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* 2 और 4

*(d)* 1 और 4

23. क्रिस ऐर्गिरिस के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी एक स्थिति किसी संगठन में समन्वय को सुसाध्य बनाने में सकारात्मक बाधा होती है?

*(a)* सोपानिक प्रपीड़न

*(b)* मानकीकृत कार्यविधियाँ

*(c)* अपुष्ट (ग्रेपवाइन) संदेश

*(d)* प्रशासनिक योजना

**24.** Consider the following paradigms in the evolution of the discipline of Public Administration as proposed by Nicholas Henry :

1. Politics/Administration dichotomy
2. Public Administration as political science
3. Public Administration as management
4. Principles of administration
5. Public Administration as Public Administration

Which one of the following is the correct order of the above?

*(a)* 2–1–4–5–3

*(b)* 1–4–2–3–5

*(c)* 4–2–1–5–3

*(d)* 1–4–3–2–5

**25.** Which one of the following is ***not*** identified by Nicholas Henry as a factor for organizational change?

*(a)* Process of adaptation

*(b)* Task environment

*(c)* Technology of organization

*(d)* Organization behaviour

**26.** Which one of the following statements is ***not*** correct?

The principle of hierarchy is at the foundation of all government departments because the principle

*(a)* involves superior-subordinate relationship as applicable to government agencies

*(b)* gives scope for delegation of authority from a superior to a subordinate officer

*(c)* facilitates reporting from lower level to higher level

*(d)* is best suited for horizontal type of organizations required in development administration

**27.** Who among the following have supported the application of the principle of unity of command?

1. Henri Fayol
2. Gulick and Urwick
3. Seckler and Hudson
4. Herbert Simon

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

24. लोक प्रशासन विषय के विकास में निकोलस हेनरी द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित रूपावलियों पर विचार कीजिए :

1. राजनीति/प्रशासन द्विभाजन
2. लोक प्रशासन, राजनीतिशास्त्र के रूप में
3. लोक प्रशासन, प्रबन्धन के रूप में
4. प्रशासन के सिद्धान्त
5. लोक प्रशासन, लोक प्रशासन के रूप में

निम्नलिखित में से कौन-सा एक उपर्युक्त का सही अनुक्रम है?

*(a)* 2–1–4–5–3

*(b)* 1–4–2–3–5

*(c)* 4–2–1–5–3

*(d)* 1–4–3–2–5

25. निम्नलिखित में से किस एक को निकोलस हेनरी द्वारा संगठनात्मक परिवर्तन के कारक के रूप में **नहीं** पहचाना गया?

*(a)* अनुकूलन की प्रक्रिया

*(b)* कार्य पर्यावरण

*(c)* संगठन की प्रौद्योगिकी

*(d)* संगठन व्यवहार

26. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

सोपान-सिद्धान्त सभी सरकारी विभागों की नींव है, क्योंकि

*(a)* इस सिद्धान्त में वरिष्ठ-अधीनस्थ सम्बन्ध शामिल है, जैसा कि सरकारी अभिकरणों में लागू है

*(b)* इस सिद्धान्त में वरिष्ठ से अधीनस्थ अधिकारी को प्राधिकार-प्रत्यायोजन की गुंजाइश होती है

*(c)* यह सिद्धान्त निम्न स्तर से उच्च स्तर को रिपोर्ट करने को सुकर बनाता है

*(d)* विकास प्रशासन में आवश्यक, समस्तरीय प्रकार के संगठनों के लिए यह सिद्धान्त सर्वाधिक उपयुक्त है

27. निम्नलिखित में से किसने समादेश की एकता के सिद्धान्त के अनुप्रयोग का समर्थन किया है?

1. हेनरी फेयॉल
2. गुलिक और उर्विक
3. सेकलर और हड्सन
4. हर्बर्ट साइमन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1, 2 और 3

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

28. Under which of the following grounds is the principle of unity of command criticized?

1. Creation of large number of staff and auxiliary agencies has diluted this concept.
2. The concept of one single boss for each person is seldom found in complex governmental situations.
3. People in an organization have fixed responsibilities for their functions.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 only

*(d)* 1, 2 and 3

29. Who among the following has urged that strict adherence to rules results in the displacement of goals?

*(a)* Robert K. Merton

*(b)* Alvin Gouldner

*(c)* Chester Barnard

*(d)* Peter M. Blau

30. On which of the following does span of control depend?

1. Personality of the superior
2. Nature of work to be supervised
3. Age of the organization
4. Calibre of the subordinates
5. Delegation of authority

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2, 4 and 5 only

*(b)* 3, 4 and 5 only

*(c)* 1, 2 and 3 only

*(d)* 1, 2, 3, 4 and 5

31. According to Chester Barnard, the strength of administrative authority lies in the zone of

*(a)* acceptance

*(b)* resistance

*(c)* indifference

*(d)* anticipated reactions

**28.** निम्नलिखित में से किस/किन आधार/आधारों पर समादेश की एकता के सिद्धान्त की आलोचना की गई है?

1. कर्मचारी वर्ग और सहायक अभिकरणों के अत्यधिक संख्या में सर्जन ने इस संकल्पना को तनूकृत किया है।
2. जटिल सरकारी परिस्थितियों में, प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक उच्चाधिकारी की संकल्पना कभी-कभार ही मिलती है।
3. संगठन में लोगों का अपने कार्यों के लिए नियत उत्तरदायित्व है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1

*(d)* 1, 2 और 3

**29.** निम्नलिखित में से किसका आग्रह है कि नियमों के कड़ाई से अनुपालन का परिणाम लक्ष्यों के विस्थापन में होता है?

*(a)* रॉबर्ट के० मर्टन

*(b)* ऐल्विन गौल्डनर

*(c)* चेस्टर बर्नार्ड

*(d)* पीटर एम० ब्लाऊ

**30.** निम्नलिखित में से किन पर नियंत्रण की विस्तृति निर्भर है?

1. वरिष्ठ का व्यक्तित्व
2. पर्यवेक्षणीय कार्य का स्वरूप
3. संगठन की आयु
4. अधीनस्थों की योग्यता
5. प्राधिकार का प्रत्यायोजन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1, 2, 4 और 5

*(b)* केवल 3, 4 और 5

*(c)* केवल 1, 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3, 4 और 5

**31.** चेस्टर बर्नार्ड के अनुसार, प्रशासनिक प्राधिकारी की शक्ति किस क्षेत्र में स्थित है?

*(a)* स्वीकृति

*(b)* प्रतिरोध

*(c)* उदासीनता

*(d)* प्रत्याशित प्रतिक्रियाएँ

**32.** Consider the following statements :

According to Henri Fayol, decentralization is greater when

1. policy decisions are made at lower levels
2. important decisions are made at lower levels
3. more functions are affected by decisions at lower levels

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 and 2 only

**33.** Which one of the following is a Parliamentary Standing Committee?

*(a)* Committee on Draft Five-Year Plan

*(b)* Railway Convention Committee

*(c)* Business Advisory Committee

*(d)* Joint Committee on Fertilizer Pricing

**34.** According to Henri Fayol, which of the following actions are required in supervisory control process?

1. Standard actions
2. Corrective actions
3. Coercive actions
4. Evaluative actions

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2 and 4 only

**35.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Item)* | *List–II (Article as per the 74th Constitutional Amendment Act)* |
|---|---|
| A. Constitution of Municipalities | 1. Article 243Q |
| B. Reservation of seats | 2. Article 243T |
| C. Finance Commission | 3. Article 243Y |
| D. Duration of Municipalities, etc. | 4. Article 243U |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(b)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(c)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 1 | 3 | 2 | 4 |

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

हेनरी फेयॉल के अनुसार, विकेन्द्रीकरण तब अधिक होता है, जब

1. नीति निर्णय निम्न स्तरों पर लिये जाते हैं
2. महत्त्वपूर्ण निर्णय निम्न स्तरों पर लिये जाते हैं
3. अधिक कार्य निम्न स्तरों पर निर्णयों द्वारा प्रभावित होते हैं

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 2

33. निम्नलिखित में से कौन-सी एक संसदीय स्थायी समिति है?

*(a)* प्रारूप (ड्राफ्ट) पंचवर्षीय योजना समिति

*(b)* रेलवे कन्वेंशन समिति

*(c)* कार्य सलाहकार समिति (बिजनेस एडवाइजरी कमेटी)

*(d)* उर्वरक क़ीमत-निर्धारण संयुक्त समिति (ज्वाइंट कमेटी ऑन फर्टिलाइजर प्राइसिंग)

34. हेनरी फेयॉल के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से कार्य पर्यवेक्षी नियंत्रण-प्रक्रिया के लिए अभीष्ट हैं?

1. मानक कार्य
2. सुधारक कार्य
3. निग्रह कार्य
4. मूल्यांकन कार्य

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2, 3 और 4

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* केवल 1, 2 और 4

35. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (विषय)** | **सूची–II (74वें संविधान संशोधन अधिनियम के अनुसार अनुच्छेद)** |
|---|---|
| A. नगरपालिकाओं का गठन | 1. अनुच्छेद 243Q |
| B. स्थानों का आरक्षण | 2. अनुच्छेद 243T |
| C. वित्त आयोग | 3. अनुच्छेद 243Y |
| D. नगरपालिकाओं आदि का कार्यकाल | 4. अनुच्छेद 243U |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(b)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(c)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 1 | 3 | 2 | 4 |

36. The legacy of British rule in India includes which of the following?

1. Creation of the ICS (Indian Civil Services)
2. Secretarial System
3. Local Self-government
4. Law and Order Administration

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

37. Consider the following statements :

Classical theory of administration emphasizes

1. formal organizational structure
2. need for citizen participation in governance and administration
3. principles of hierarchy, division of work and span of control

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 1 and 3 only

38. Who among the following have been harsh critics of bureaucracy 'as an instrument of government'?

1. Harold Laski and Peter Drucker
2. Warren Bennis and Robert Reich
3. Ralph Braibanti and Sardar Patel

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1 and 3

*(d)* 1 only

39. Which one of the following is ***not*** a characteristic feature of Weberian bureaucracy?

*(a)* Neutral competence

*(b)* Professional hierarchy

*(c)* Auto-administration

*(d)* Legal rationalism

40. Which one of the following thinkers was first to talk about the concept of 'Constructive Conflict' in an organization?

*(a)* Elton Mayo

*(b)* Mary Parker Follett

*(c)* Peter Blau

*(d)* Henri Fayol

**36.** भारत में ब्रिटिश शासन के रिक्थ में निम्नलिखित में से क्या शामिल हैं?

1. भारतीय सिविल सेवाओं का सर्जन
2. सचिवीय प्रणाली
3. स्थानीय स्वशासन
4. कानून और व्यवस्था प्रशासन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**37.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

प्रशासन का क्लासिकी सिद्धान्त

1. औपचारिक सांगठनिक संरचना पर बल देता है
2. शासन और प्रशासन में नागरिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल देता है
3. सोपान सिद्धान्तों, कार्य-विभाजन और नियंत्रण की विस्तृति पर बल देता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 3

**38.** निम्नलिखित में से कौन 'शासन के उपकरण के रूप में' अधिकारीतंत्र के कठोर आलोचक रहे हैं?

1. हैरोल्ड लास्की और पीटर ड्रकर
2. वारेन बेनिस और रॉबर्ट रीष
3. राल्फ ब्रैबान्टी और सरदार पटेल

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* केवल 1

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक वेबर के अधिकारीतंत्र की अभिलाक्षणिक विशेषता **नहीं** है?

*(a)* तटस्थ सक्षमता

*(b)* व्यावसायिक सोपान

*(c)* स्वतःप्रशासन

*(d)* विधिक तर्कबुद्धिवाद

**40.** निम्नलिखित में से कौन संगठन में 'रचनात्मक द्वन्द्व' की संकल्पना के बारे में बात करने वाला पहला चिन्तक था?

*(a)* एल्टन मेयो

*(b)* मेरी पार्कर फॉलेट

*(c)* पीटर ब्लाऊ

*(d)* हेनरी फेयॉल

**41.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* *(Critic of Weber)* | | *List–II* *(Point of Criticism)* | |
|---|---|---|---|
| A. | Alvin Gouldner | 1. | Internal contradictions |
| B. | Robert Presthus | 2. | Product of alien culture |
| C. | James March | 3. | Lack of flexibility |
| | | 4. | Behavioural elements ignored |

*Code* :

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 3 | 1 |
| *(b)* | 1 | 2 | 4 |
| *(c)* | 2 | 4 | 3 |
| *(d)* | 1 | 3 | 4 |

**42.** Who among the following subscribed to the 'non-coercive' theory of organization?

*(a)* George Frederickson

*(b)* Frank Marini

*(c)* Dwight Waldo

*(d)* Frederick Thayer

**43.** Which of the following are the contributions of Mary Parker Follett?

1. Circular behaviour
2. Integrative unity
3. Law of the situation
4. Strategic limiting factor

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**44.** According to Chester Barnard, which of the following are the characteristics of organizational decisions?

1. They are impersonal.
2. They cannot be delegated.
3. They are specialized.
4. They result from logical thought processes.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 3 and 4 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**41.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (वेबर के आलोचक) | सूची–II (आलोचना बिन्दु) |
|---|---|
| A. ऐल्विन गौल्डनर | 1. आंतरिक प्रतिवाद |
| B. रॉबर्ट प्रेस्थस | 2. अन्यदेशीय संस्कृति की उपज |
| C. जेम्स मार्च | 3. लचीलेपन की कमी |
| | 4. व्यावहारिक तत्वों की उपेक्षा |

**कूट :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 3 | 1 |
| *(b)* | 1 | 2 | 4 |
| *(c)* | 2 | 4 | 3 |
| *(d)* | 1 | 3 | 4 |

**42.** निम्नलिखित में से किसने संगठन के 'अनिग्रही' सिद्धान्त का समर्थन किया है?

*(a)* जॉर्ज फ्रेडरिक्सन

*(b)* फ्रैंक मेरिनी

*(c)* ड्वाईट वाल्डो

*(d)* फ्रेडरिक थेयर

**43.** निम्नलिखित में से कौन-से मेरी पार्कर फॉलेट के योगदान हैं?

1. वर्तुल व्यवहार
2. समाकलनात्मक एकता
3. स्थिति का नियम
4. निर्णायक सीमक कारक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**44.** चेस्टर बर्नार्ड के अनुसार, निम्नलिखित में से संगठनात्मक निर्णयों की कौन-सी विशेषताएँ हैं?

1. वे निर्वैयक्तिक हैं।
2. वे प्रत्यायोजित नहीं किए जा सकते हैं।
3. वे विशिष्ट हैं।
4. वे तार्किक विचार-प्रक्रिया के परिणाम हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1, 3 और 4

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

45. Chester Barnard's concept of 'zone of indifference' refers to orders that are

(a) barely unacceptable

(b) just about acceptable

(c) unquestionably acceptable

(d) not always acceptable

46. Consider the following statements :

Human relations theory

1. views organization as a psychological and social system
2. takes the social view of man
3. emphasizes the physiological and mechanical aspects of organization
4. assumes that people are homogeneous

Which of the statements given above are ***not*** correct?

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 3 and 4

(d) 1 and 4

47. Which one of the following experiments was ***not*** included in the Hawthorne experiments?

(a) Bank wiring observation room

(b) Relay assembly test room

(c) Cutting metals

(d) Great illumination

48. Consider the following statements :

Hawthorne studies showed that workers had devised norms for the output of a group as one should not be a

1. rate-buster
2. chiseller
3. squealer

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**45.** चेस्टर बर्नार्ड की 'उदासीनता के क्षेत्र' की संकल्पना उन आदेशों को निर्दिष्ट करती है, जो

*(a)* साफ तौर पर अस्वीकार्य हैं

*(b)* लगभग स्वीकार्य हैं

*(c)* निर्विवादतः स्वीकार्य हैं

*(d)* हमेशा स्वीकार्य नहीं हैं

**46.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

मानवीय सम्बन्ध सिद्धान्त

1. संगठन को मनोवैज्ञानिक और सामाजिक व्यवस्था के रूप में देखता है
2. व्यक्ति का सामाजिक दृष्टिकोण लेता है
3. संगठन के शरीरक्रियात्मक और यांत्रिक पहलुओं पर बल देता है
4. मानता है कि लोग समरूप हैं

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

*(a)* 1 और 2

*(b)* 2 और 3

*(c)* 3 और 4

*(d)* 1 और 4

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रयोग हाथॉर्न प्रयोगों में शामिल **नहीं** था?

*(a)* बैंक वायरिंग प्रेक्षणशाला

*(b)* रिले असेम्बली परीक्षणशाला

*(c)* धातु कर्तन

*(d)* वृहत् अलंकरण

**48.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

हाथॉर्न अध्ययनों ने यह दर्शाया कि कामगारों ने समूह के उत्पादन के लिए ऐसे मानक अभिकल्पित किए थे, ताकि

1. कोई गति वर्धक (रेट-बस्टर) न बन जाए
2. कोई चिज़लर न बन जाए
3. कोई चुगलखोर (स्कीलर) न बन जाए

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**49.** Which of the following statements are correct?

The behavioural approach is considered to be

1. a humane approach
2. based on Hawthorne findings
3. largely concerned with decision-making
4. the dominant approach in the pre-World War I period

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 3 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**50.** Which of the following is correct about systems approach?

*(a)* Emphasizes the static structure of the organization

*(b)* Considers mainly the formal structure of the organization

*(c)* Explains human motivation in terms of several factors

*(d)* Views organizational order as being imposed from the top

**51.** Which of the following authors can be credited with the earliest systematic use of social systems approach in administrative studies?

*(a)* F. J. Roethlisberger and W. J. Dickson

*(b)* John M. Pfiffner

*(c)* Mary Parker Follett

*(d)* Frank J. Goodnow

**52.** Which one of the following is ***not*** correct with regard to the systems theory of organization?

*(a)* A system is characterized by parts and sub-parts

*(b)* A change in one part affects changes in other parts

*(c)* A system is characterized by dynamic disequilibrium

*(d)* A system is open and interactive

**53.** To which of the following notions of the man in an organizational setup does the concept of bounded rationality relate more closely?

1. Economic
2. Optimizing
3. Administrative
4. Satisficing

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 and 4

*(c)* 3 and 4

*(d)* 2 and 3

**49.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

व्यावहारिक उपागम को माना जाता है

1. मानवोचित उपागम
2. हाथॉर्न के निष्कर्षों पर आधारित
3. अधिकांशतः निर्णयन से सम्बन्धित
4. प्रथम विश्वयुद्ध के पूर्व की अवधि में प्रभावी उपागम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* केवल 1, 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**50.** व्यवस्था उपागम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

*(a)* यह संगठन की स्थिर संरचना पर बल देता है

*(b)* यह संगठन की मुख्यतः औपचारिक संरचना को मानता है

*(c)* यह मानव अभिप्रेरण को अनेक कारकों के आधार पर समझाता है

*(d)* यह संगठनात्मक व्यवस्था को शीर्ष से अधिरोपित होने के रूप में देखता है

**51.** निम्नलिखित में से किस/किन लेखक/लेखकों को प्रशासनिक अध्ययनों में सामाजिक व्यवस्था उपागम के सर्वप्रथम व्यवस्थित उपयोग का श्रेय दिया जा सकता है?

*(a)* एफ० जे० रोइथलिसबर्गर और डब्ल्यू० जे० डिक्सन

*(b)* जॉन एम० पिफनर

*(c)* मेरी पार्कर फॉलेट

*(d)* फ्रैंक जे० गुडनॉउ

**52.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक संगठन के व्यवस्था सिद्धान्त के सम्बन्ध में सही **नहीं** है?

*(a)* भागों और उपभागों का होना व्यवस्था की विशेषता होती है

*(b)* किसी एक भाग में परिवर्तन, अन्य भागों में परिवर्तन लाता है

*(c)* गतिशील असंतुलन, व्यवस्था की विशेषता होती है

*(d)* व्यवस्था विवृत और अन्योन्यक्रियात्मक होती है

**53.** सांगठनिक व्यवस्था में मनुष्य की निम्नलिखित किन धारणाओं के साथ, परिसीमित तार्किकता की संकल्पना अपेक्षाकृत अधिक सन्निकटता से सम्बन्ध रखती है?

1. आर्थिक
2. इष्टतमकारी
3. प्रशासनिक
4. सन्तुष्टकारी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* 2 और 4

*(c)* 3 और 4

*(d)* 2 और 3

**54.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Advocate)* | | *List–II (Model)* |
|---|---|---|
| A. Herbert Simon | 1. | Mixed-scanning model |
| B. Charles Lindblom | 2. | Economic rationality model |
| C. Amitai Etzioni | 3. | Bounded rationality model |
| | 4. | Incremental model |

*Code* :

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 3 | 2 | 1 |
| *(c)* | 2 | 1 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 |

**55.** According to Yehezkel Dror, which of the following characteristics of the optimal model of policy making help man in understanding the optimal model?

1. It contains both rational and extrarational elements.
2. It has basic rationality and economic rationality.
3. It contains a built-in feedback system.
4. It adopts the methodology of logical positivism.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 1 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**56.** Which of the following are propounded by the Theory Y of Douglas McGregor?

A person in an organization

1. exercises self-direction in the service of objectives that he seeks to realize
2. has commitment to objectives as a function of rewards
3. inherently likes work
4. has a capacity for imagination, ingenuity and creativity

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 4 only

*(b)* 1, 2 and 3 only

*(c)* 1, 2, 3 and 4

*(d)* 3 and 4 only

54. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (पक्षसमर्थक) | सूची–II (मॉडल) |
|---|---|
| A. हर्बर्ट साइमन | 1. मिश्रित क्रमवीक्षण मॉडल |
| B. चार्ल्स लिंडब्लोम | 2. आर्थिक तर्कसंगतता मॉडल |
| C. अमीताई एट्ज़िओनी | 3. परिसीमित तर्कसंगतता मॉडल |
| | 4. वर्धमान मॉडल |

**कूट :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 3 | 2 | 1 |
| *(c)* | 2 | 1 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 |

55. येहेज़ेकल ड्रॉर के अनुसार, नीति निर्माण के इष्टतम मॉडल की निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएँ मनुष्य को इष्टतम मॉडल को समझने में मदद करती हैं?

1. इसमें तर्कसंगत और अतिरिक्त तर्कसंगत दोनों तत्त्व होते हैं।
2. इसमें आधारभूत तर्कसंगतता और आर्थिक तर्कसंगतता होती है।
3. इसमें अंतर्निर्मित प्रतिपुष्टि प्रणाली होती है।
4. यह तार्किक प्रत्यक्षवाद की कार्यप्रणाली अपनाती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

56. निम्नलिखित में से कौन-से डगलस मैकग्रेगर के Y सिद्धान्त के द्वारा प्रतिपादित किए गए हैं?

किसी संगठन में व्यक्ति

1. जिन उद्देश्यों को प्राप्त करने की कोशिश करता है, उनकी तामील में आत्म-निदेशन का प्रयोग करता है
2. लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता प्रतिफलों के फलन के रूप में रखता है
3. जन्मजात रूप से कार्य करना पसन्द करता है
4. कल्पना, पटुता और सर्जनात्मकता की क्षमता रखता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1, 2 और 4

*(b)* केवल 1, 2 और 3

*(c)* 1, 2, 3 और 4

*(d)* केवल 3 और 4

**57.** Which one of the following leadership styles was identified by the Michigan University Leadership Studies as the most effective leadership style?

*(a)* Democratic style leadership

*(b)* Employee-centred leadership

*(c)* Participative group leadership

*(d)* Team leadership

**58.** Who among the following has observed that instead of hierarchy of needs, motivation should be understood in terms of series of needs?

*(a)* Chester Barnard

*(b)* David McClelland

*(c)* Abraham Maslow

*(d)* Warren Bennis

**59.** According to Frederick Herzberg, the determinants of job dissatisfaction include

1. working conditions
2. supervision
3. salary
4. responsibility
5. recognition

Which of the above are correct?

*(a)* 4 and 5 only

*(b)* 1, 2 and 3 only

*(c)* 1, 2, 3, 4 and 5

*(d)* 1, 2, 3 and 5 only

**60.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Commission/ Committee)* | *List–II (Recommendation)* |
|---|---|
| A. First Hoover Commission | 1. Division of training and education |
| B. Assheton Committee | 2. Reorganization of US President's office |
| C. Brownlow Committee | 3. Senior policy advisors |
| D. Fulton Committee | 4. Senior executive service |
| | 5. Office of general services administration |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(b)* | 5 | 1 | 2 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 3 | 4 |
| *(d)* | 3 | 4 | 5 | 2 |

57. निम्नलिखित में से कौन-सी एक नेतृत्व-शैली, मिशिगन यूनिवर्सिटी नेतृत्व अध्ययनों द्वारा सर्वाधिक प्रभावकारी नेतृत्व-शैली के रूप में पहचानी गई है?

(a) लोकतन्त्रात्मक नेतृत्व-शैली

(b) कर्मचारी-केन्द्रित नेतृत्व

(c) सहभागी समूह नेतृत्व

(d) टीम नेतृत्व

58. निम्नलिखित में से यह किसका अभिमत है कि अभिप्रेरण को आवश्यकताओं के अधिक्रम के बजाय आवश्यकताओं की शृंखला के रूप में समझा जाना चाहिए?

(a) चेस्टर बर्नार्ड

(b) डेविड मैक्क्लीलैंड

(c) अब्राहम मास्लो

(d) वारेन बेनिस

59. फ्रेडरिक हर्जबर्ग के अनुसार, कार्य असंतोष के निर्धारकों में शामिल हैं

1. कार्यदशाएँ
2. पर्यवेक्षण
3. वेतन
4. उत्तरदायित्व
5. मान्यता

उपर्युक्त में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 4 और 5

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) 1, 2, 3, 4 और 5

(d) केवल 1, 2, 3 और 5

60. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (आयोग/समिति) | सूची–II (सिफारिश) |
|---|---|
| A. प्रथम हूवर आयोग | 1. प्रशिक्षण और शिक्षा का विभाजन |
| B. एशेटॉन समिति | 2. यू० एस० राष्ट्रपति कार्यालय का पुनर्गठन |
| C. ब्राउनलो समिति | 3. वरिष्ठ नीति सलाहकार |
| D. फुल्टन समिति | 4. वरिष्ठ कार्यपालक सेवा |
| | 5. सामान्य सेवा प्रशासन कार्यालय |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 5 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 5 | 2 |

61. Which one of the following shows the correct sequence of the four basic steps in the position classification plan?

(a) Job analysis–Grouping of positions–Standardization–Position allocation

(b) Standardization–Job analysis–Grouping of positions–Position allocation

(c) Grouping of positions–Job analysis–Position allocation–Standardization

(d) Job analysis–Grouping of positions–Position allocation–Standardization

62. According to W. F. Willoughby, which of the following are correct about the essentials of a sound promotion system?

1. Adoption of standard specifications setting forth the duties and qualifications required for all positions in a government service
2. Classification of all positions into distinct classes, grades and services based on duty classification
3. The inclusion within this classification of all administrative positions except those having a political character

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1 and 2 only

63. Which of the following scholars has/have ***not*** laid any marked emphasis on administrative ethics?

(a) Paul Appleby

(b) Frederick Mosher

(c) Chanakya

(d) David Osborne and Ted Gaebler

64. Which of the following was ***not*** identified by the Santhanam Committee as a major cause of corruption in India?

(a) Administrative delays

(b) Scope for personnel discretion in the exercise of powers

(c) Cumbersome procedures

(d) Absence of regulatory functions of the government

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक पदवर्गीकरण प्रणाली के चार आधारभूत चरणों के सही अनुक्रम को दर्शाता है?

(a) कार्य विश्लेषण–पद समूहन–मानकीकरण–पदविनिधान

(b) मानकीकरण–कार्य विश्लेषण–पद समूहन–पदविनिधान

(c) पद समूहन–कार्य विश्लेषण–पदविनिधान–मानकीकरण

(d) कार्य विश्लेषण–पद समूहन–पदविनिधान–मानकीकरण

**62.** डब्ल्यू० एफ० विलोबी के अनुसार, ठोस पदोन्नति व्यवस्था के सारभूत तत्त्वों के बारे में निम्नलिखित कौन-से सही हैं?

1. किसी सरकारी सेवा में सभी पदों के लिए आवश्यक कर्तव्यों और अर्हताओं को बताने वाले मानक विनिर्देशनों को अपनाना
2. कार्य वर्गीकरण के आधार पर सुभिन्न वर्गों, ग्रेडों और सेवाओं में सभी पदों का वर्गीकरण
3. राजनैतिक स्वरूप वाले पदों को छोड़कर बाकी सभी प्रशासनिक पदों का इस वर्गीकरण में समावेशन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 1 और 2

**63.** निम्नलिखित में से किस विद्वान/विद्वान-द्वय ने प्रशासनिक आचारनीति पर उल्लेखनीय रूप से बल **नहीं** दिया है?

(a) पॉल एप्पलबी

(b) फ्रेडरिक मोशर

(c) चाणक्य

(d) डेविड ओसबर्न और टेड गैबलर

**64.** सन्थानम कमेटी द्वारा निम्नलिखित में से किसको, भारत में भ्रष्टाचार के एक प्रमुख कारण के रूप में **नहीं** पहचाना गया?

(a) प्रशासनिक विलम्बन

(b) शक्तियों के प्रयोग में कार्मिक विवेक के लिए गुंजाइश

(c) दुर्वह प्रक्रियाएँ

(d) सरकार के नियामक कार्यों का अभाव

65. By which one of the following Acts, are the political activities of civil servants in the USA regulated?

(a) The Hatch Act of 1939

(b) The Civil Service Act of 1883

(c) The Ramspeck Act of 1940

(d) The Taft-Hartley Act of 1947

66. The office of the Ombudsman like institution in the form of Parliamentary Commissioner for Administration in the United Kingdom was set up on the recommendations of which one of the following Reports?

(a) Sir John Whyatt Report

(b) Northcote-Trevelyan Report

(c) Fulton Report

(d) Aitchison Report

67. Which one of the following statements in respect of the French Civil Service is ***not*** correct?

(a) ENA is concerned with the training of technical personnel

(b) Basic unit of organization of the civil service is called Corps

(c) French Civil Service is elitist

(d) Civil servants are allowed to take leave and contest for political offices

68. Which of the following local government units are prevalent in France?

1. *Département*

2. *Arrondissement*

3. *Canton*

4. *Commune*

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1, 2 and 4 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1, 2, 3 and 4

(d) 1 and 3 only

69. The *Amakudari* system in respect of the civil service in Japan is

(a) a post-retirement assignment

(b) professional training

(c) foreign posting

(d) monetary compensation

**65.** निम्नलिखित में से किस एक अधिनियम के द्वारा यू० एस० ए० में सिविल सेवकों की राजनैतिक गतिविधियों को नियन्त्रित किया गया है?

(a) 1939 का हैच अधिनियम

(b) 1883 का सिविल सेवा अधिनियम

(c) 1940 का रैम्सपेक अधिनियम

(d) 1947 का टाफ्ट-हार्टले अधिनियम

**66.** यूनाइटेड किंगडम में प्रशासन के लिए संसदीय आयोग के रूप में ओम्बड्ज़मैन कार्यालय जैसी संस्था, निम्नलिखित में से किस एक रिपोर्ट की सिफारिश पर स्थापित की गई थी?

(a) सर जॉन व्ह्यात रिपोर्ट

(b) नॉर्थकोट-ट्रेवेल्यान रिपोर्ट

(c) फुल्टन रिपोर्ट

(d) ऐचिसन रिपोर्ट

**67.** फ्रांसीसी सिविल सेवा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

(a) इ० एन० ए०, तकनीकी कार्मिकों के प्रशिक्षण से सम्बन्धित है

(b) सिविल सेवा के संगठन की आधारभूत इकाई को कोर्प्स कहा जाता है

(c) फ्रांसीसी सिविल सेवा अभिजनवादी है

(d) सिविल सेवकों को छुट्टी लेकर राजनैतिक पदों के लिए चुनाव लड़ने की अनुमति है

**68.** फ्रांस में स्थानीय शासन की निम्नलिखित में से कौन-सी इकाइयाँ प्रचलन में हैं?

1. *डिपार्टमेंट*
2. *ऐरोनडाइज़्मेंट*
3. *कैन्टॉन*
4. *कम्यून*

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) केवल 1, 2 और 4

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) 1, 2, 3 और 4

(d) केवल 1 और 3

**69.** जापान में सिविल सेवा से सम्बन्धित *आमाकुदारी* व्यवस्था क्या है?

(a) सेवानिवृत्युत्तर दत्तकार्य

(b) व्यावसायिक प्रशिक्षण

(c) विदेश-तैनाती

(d) आर्थिक प्रतिपूर्ति

**70.** Which of the following statements regarding civil services in Japan is/are correct?

1. The NPA and MCA are its principal controlling and coordinating agencies.
2. The Japanese higher civil service is elitist.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**71.** Who among the following has focused on the politics of the budgetary process?

*(a)* Robert Golembiewski

*(b)* Aaron Wildavsky

*(c)* Jesse Birkhead

*(d)* A. Premchand

**72.** Which of the following is/are advantage/advantages of zero-based budgeting?

1. It eliminates or minimizes the low priority programmes.
2. It improves the programme effectiveness.
3. It facilitates critical review of schemes in terms of their cost effectiveness and cost benefits.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**73.** Consider the following statements :

The expenditure charged on the Consolidated Fund of India comprises of

1. pension payable to Judges of High Court
2. debt charges for which the Government of India is liable
3. salary, allowances and pension payable to Comptroller and Auditor General of India

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 and 2 only

**70.** जापान में सिविल सेवाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. एन० पी० ए० और एम० सी० ए० इसके प्रधान नियन्त्रक और समन्वयक अभिकरण हैं।
2. जापानी उच्चतर सिविल सेवा अभिजनवादी है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**71.** निम्नलिखित में से किसने बजटीय प्रक्रिया की राजनीति पर ध्यान केन्द्रित किया है?

*(a)* रॉबर्ट गोलेम्बिएव्स्की

*(b)* आरोन विल्दाव्स्की

*(c)* जेसी बर्कहेड

*(d)* ए० प्रेमचन्द

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से शून्याधारित बजटन का/के लाभ है/हैं?

1. यह न्यून प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों का निरसन अथवा अल्पतमीकरण करता है।
2. यह कार्यक्रम की प्रभावकारिता को उन्नत करता है।
3. यह योजनाओं की, उनकी लागत प्रभावकारिता एवं लागत लाभ के रूप में, समीक्षा को सुकर बनाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**73.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत की संचित निधि पर प्रभारित व्यय में शामिल है

1. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को देय पेंशन
2. ऋण प्रभार जिनके लिए भारत सरकार दायी है
3. भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक को देय वेतन, भत्ते और पेंशन

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 2

**74.** Which of the following statements about separation of the Railway Budget from the General Budget of India are correct?

1. To introduce flexibility in railway finance management
2. To facilitate a business approach to the railway policy
3. To secure stability of the general revenues by providing an assured annual contribution from railway revenues
4. To enable the railways to keep their profits for their own development

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 2, 3 and 4 only

*(b)* 1 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 3 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**75.** Consider the following statements :

A Bill is deemed to be a Money Bill if it contains only provisions dealing with the

1. imposition, abolition, remission, alteration or regulation of any tax
2. regulation of the borrowing of money by the government
3. appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India
4. custody of the Contingency Fund of India

Which of the above statements are correct?

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 1 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**76.** Which one of the following statements is correct with regard to the powers of the Parliament of India in enacting the budget?

*(a)* It can increase a tax, but not reduce it

*(b)* It can increase a tax as well as reduce or abolish it

*(c)* It cannot increase a tax, but can reduce or abolish it

*(d)* It can neither increase a tax nor reduce it

**77.** Which of the following statements are correct in respect of parliamentary debate on Appropriation Bill?

1. No amendments can be moved on the amount of expenditure.
2. Speaker is empowered to withhold permission on matters of repetitive nature.
3. Rajya Sabha has power to amend or reject the Bill.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**74.** भारत के सामान्य बज़ट से रेल बज़ट के पृथक्करण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. रेल वित्त प्रबन्धन में लचीलापन लाने के लिए
2. रेल नीति के प्रति व्यापारिक उपागम सुकर बनाने के लिए
3. रेल राजस्व से आश्वासित वार्षिक अंशदान प्रदान करते हुए सामान्य राजस्व की स्थिरता सुरक्षित करने के लिए
4. रेलवे को इस योग्य बनाने के लिए कि वे अपने लाभों को अपने स्वयं के विकास के लिए रखे

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 2, 3 और 4

*(b)* केवल 1 और 4

*(c)* केवल 1, 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**75.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कोई विधेयक धन विधेयक माना जाता है, यदि इसमें

1. किसी कर के अधिरोपण, उन्मूलन, माफी, हेरफेर या विनियमन के सम्बन्ध में केवल उपबन्ध हों
2. सरकार द्वारा धन उधार लिये जाने के विनियमन के सम्बन्ध में केवल उपबन्ध हों
3. भारत की संचित निधि में से धनों के विनियोग के सम्बन्ध में केवल उपबन्ध हों
4. भारत की आकस्मिक निधि की अभिरक्षा के सम्बन्ध में केवल उपबन्ध हों

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**76.** बज़ट को अधिनियमित करने में भारत की संसद् की शक्तियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

*(a)* यह किसी कर को बढ़ा सकती है, किन्तु घटा नहीं सकती

*(b)* यह किसी कर को बढ़ा सकती है साथ ही उसे घटा भी सकती है या उसका उन्मूलन भी कर सकती है

*(c)* यह कोई कर बढ़ा नहीं सकती, किन्तु उसे घटा सकती है या उसका उन्मूलन कर सकती है

*(d)* यह न तो कोई कर बढ़ा सकती है न ही घटा सकती है

**77.** विनियोग विधेयक पर संसद् में बहस के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. व्यय की राशि पर कोई संशोधन नहीं लाये जा सकते हैं।
2. पुनरावर्ती स्वरूप के मामलों पर अनुमति रोक लेने की शक्ति लोक सभा अध्यक्ष में है।
3. राज्य सभा के पास विधेयक में संशोधन करने या उसे अस्वीकार करने की शक्ति है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**78.** To which of the following, the 74th Constitutional Amendment has ***not*** paid attention?

1. Municipal personnel system
2. Constitution and composition of municipality
3. Relations between elected executive and bureaucracy
4. Relations between municipal government and para-statals

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 3 and 4

*(c)* 2, 3 and 4

*(d)* 1, 2 and 3

**79.** Which of the following is/are correct in respect of 'Zero Hour' discussion?

1. It is not directed against individual Minister.
2. It covers questions raised over matters of public importance.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**80.** Through which of the following is judicial control over administration in India exercised?

1. Adjudication
2. Judicial Review
3. Writs
4. Public Interest Litigation

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 4 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2, 3 and 4

*(d)* 2, 3 and 4 only

**81.** Which of the following statements is/are correct of the writ of prohibition?

1. It is an order issued by a higher court commanding a lower court to cease from proceeding in some matters not within its jurisdiction.
2. It can be claimed by an aggrieved party as a matter of right.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**78.** निम्नलिखित में से किन पर, 74वें संविधान संशोधन ने ध्यान **नहीं** दिया है?

1. नगरपालिका कार्मिक व्यवस्था
2. नगरपालिका का गठन और संघटन
3. निर्वाचित कार्यपालक एवं अधिकारीतन्त्र के बीच सम्बन्ध
4. नगर शासन और अर्ध-राज्य संस्थाओं (पैरा-स्टेटल्स) के बीच सम्बन्ध

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 3 और 4

*(c)* 2, 3 और 4

*(d)* 1, 2 और 3

**79.** 'शून्य काल' चर्चा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह वैयक्तिक मंत्री के विरुद्ध निदेशित नहीं होती।
2. इसमें लोक महत्त्व के मामलों पर उठाए गए प्रश्न होते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**80.** भारत में प्रशासन पर न्यायिक नियन्त्रण निम्नलिखित में से किनके द्वारा किया जाता है?

1. न्याय-निर्णयन
2. न्यायिक पुनर्विलोकन
3. रिट
4. लोकहित मुकदमा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 4

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2, 3 और 4

*(d)* केवल 2, 3 और 4

**81.** प्रतिषेध रिट के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह निम्नतर न्यायालय को उच्चतर न्यायालय द्वारा जारी आदेश है, जिससे उसे उन मामलों पर कार्य करने से रोका जाता है, जो उसकी अधिकारिता में नहीं है।
2. इसका अधिकार विषयक मामले के रूप में, किसी व्यथित पक्षकार द्वारा दावा किया जा सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**82.** In which among the following countries is Charter Mark Programme being effectively used to evaluate the performance of government agencies through outside independent agencies?

*(a)* Japan

*(b)* France

*(c)* Great Britain

*(d)* USA

**83.** 'Poly-communalism' is the term coined by Fred Riggs to describe

*(a)* integrated society

*(b)* plural society

*(c)* diffracted society

*(d)* parochial society

**84.** The 'Collegial' type of executive can be found in which one of the following countries?

*(a)* Japan

*(b)* France

*(c)* Switzerland

*(d)* Great Britain

**85.** On which of the following factors does people's participation depend for its success in influencing the governance process?

1. Ability of the people to participate
2. Willingness of the people to participate
3. Opportunity to the people to participate
4. Mechanisms available for participation

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 4 only

*(b)* 1, 2 and 3 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**86.** Which of the following is/are ***not*** correct in respect of the Right to Information Act, 2005?

1. Information in respect of allegation of violation of human rights can be obtained in 30 days.
2. There are restrictions for third party information.
3. Total penalty for not providing information shall not exceed Rs 5,000.
4. Appeal against the decision of the Central/State Public Information Officer can be made to officers of higher rank.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 3 only

*(b)* 1 only

*(c)* 1 and 3

*(d)* 2 and 4

**82.** निम्नलिखित में से किस देश में चार्टर मार्क प्रोग्राम का, बाहरी स्वतन्त्र अभिकरणों द्वारा सरकारी अभिकरणों के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए, प्रभावी तौर पर उपयोग किया जा रहा है?

*(a)* जापान

*(b)* फ्रांस

*(c)* ग्रेट ब्रिटेन

*(d)* संयुक्त राज्य अमेरिका

**83.** 'बहुसंप्रदायवाद' शब्द फ्रेड रिग्स ने किसे वर्णित करने के लिए गढ़ा?

*(a)* एकीकृत समाज

*(b)* बहुल समाज

*(c)* विवर्तित समाज

*(d)* संकीर्ण समाज

**84.** 'कॉलेजी' प्रकार की कार्यपालिका निम्नलिखित में से किस एक देश में पायी जा सकती है?

*(a)* जापान

*(b)* फ्रांस

*(c)* स्विट्ज़रलैंड

*(d)* ग्रेट ब्रिटेन

**85.** शासन प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए, जन सहभागिता अपनी सफलता के लिए निम्नलिखित में से किन कारकों पर निर्भर होती हैं?

1. लोगों की सहभागी होने की योग्यता
2. लोगों की सहभागी होने की स्वेच्छा
3. लोगों को सहभागी होने का अवसर
4. सहभागी होने के लिए उपलब्ध क्रियाविधि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1, 2 और 4

*(b)* केवल 1, 2 और 3

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**86.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

1. मानवाधिकार के अतिक्रमण के अभिकथन के सम्बन्ध में सूचना 30 दिनों में प्राप्त की जा सकती है।
2. तृतीय पक्षकार सूचना के लिए निर्बंधन हैं।
3. सूचना न देने के लिए कुल जुर्माना 5,000 रु० से अधिक नहीं होगा।
4. केन्द्रीय/राज्य लोक सूचना अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध उच्चतर श्रेणी (रैंक) के अधिकारियों को अपील की जा सकती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 3

*(b)* केवल 1

*(c)* 1 और 3

*(d)* 2 और 4

**87.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List–I (Committee/ Commission) | List–II (Recommendation) |
|---|---|
| A. Macaulay Committee | 1. Classification of civil services |
| B. Aitchison Commission | 2. Changes in staffing pattern of Central Secretariat |
| C. Tottenham Committee | 3. Competitive examination for recruitment to civil services |
| D. Islington Commission | 4. Establishment of Public Service Commission |
| | 5. Promotion of provincial civil services members to ICS |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 2 | 5 |
| *(b)* | 5 | 4 | 2 | 3 |
| *(c)* | 5 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 3 | 1 | 5 | 2 |

**88.** Which one of the following Articles of the Constitution of India provides provision for the creation of All India Services?

*(a)* Article 300

*(b)* Article 312

*(c)* Article 320

*(d)* Article 321

**89.** Which of the following Constitutional Amendment Acts has/have made the decisions of the Council of Ministers binding on the President of India?

*(a)* 42nd and 44th Amendment Acts

*(b)* 43rd Amendment Act

*(c)* 40th Amendment Act only

*(d)* 40th and 41st Amendment Acts

**90.** Which of the following are the functions of the Cabinet according to the Haldane Committee Report (1918)?

1. The final determination of the policy to be submitted to the Parliament
2. The supreme control of the National Executive in accordance with the policy agreed by the Parliament
3. Recommendation of important policies to the Prime Minister for his/her final decision
4. The continuous coordination and delimitation of the authority of the several departments of the State

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 1, 3 and 4 only

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1, 2 and 3 only

**87.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (समिति/आयोग) | सूची–II (सिफारिश) |
|---|---|
| A. मैकाले समिति | 1. सिविल सेवाओं का वर्गीकरण |
| B. ऐचिसन आयोग | 2. केन्द्रीय सचिवालय के कर्मचारी अभिविन्यास में परिवर्तन |
| C. टोटनहैम समिति | 3. सिविल सेवाओं में भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षा |
| D. इसलिंगटन आयोग | 4. लोक सेवा आयोग की स्थापना |
| | 5. प्रान्तीय सिविल सेवा सदस्यों की ICS में पदोन्नति |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 2 | 5 |
| *(b)* | 5 | 4 | 2 | 3 |
| *(c)* | 5 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 3 | 1 | 5 | 2 |

**88.** भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा एक अनुच्छेद अखिल भारतीय सेवाओं के सर्जन का उपबन्ध करता है?

*(a)* अनुच्छेद 300

*(b)* अनुच्छेद 312

*(c)* अनुच्छेद 320

*(d)* अनुच्छेद 321

**89.** निम्नलिखित में से किस/किन संविधान संशोधन अधिनियम/अधिनियमों ने मन्त्रिपरिषद् के निर्णयों को भारत के राष्ट्रपति पर बाध्यकारी बना दिया है?

*(a)* 42वाँ और 44वाँ संशोधन अधिनियम

*(b)* 43वाँ संशोधन अधिनियम

*(c)* केवल 40वाँ संशोधन अधिनियम

*(d)* 40वाँ और 41वाँ संशोधन अधिनियम

**90.** हाल्डेन कमेटी रिपोर्ट (1918) के अनुसार, कैबिनेट के निम्नलिखित में से कौन-से कार्य हैं?

1. नीति का अंत्य-निर्धारण संसद् को प्रस्तुत किया जाना
2. राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सर्वोच्च नियन्त्रण, संसद् द्वारा सहमत नीति के अनुसार होना
3. महत्त्वपूर्ण नीतियों को प्रधानमन्त्री को उनके अंतिम निर्णय के लिए संस्तुत करना
4. राज्य के अनेक विभागों के प्राधिकार का निरंतर समन्वय और परिसीमन करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2, 3 और 4

*(b)* केवल 1, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* केवल 1, 2 और 3

**91.** Which of the following statements with regard to the Prime Minister's Office (PMO) is/are correct?

1. The PMO was given the status of a department under the Government of India Allocation of Business Rules, 1961.
2. Jurisdiction of the PMO extends over all such subjects and activities as are not specially allotted to any individual department.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**92.** Consider the following statements :

Indicative planning indicates the

1. broad directions of development
2. long-term goals in strategic areas
3. exclusive areas of government planning

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 3 only

*(d)* 1 and 3 only

**93.** Which of the following accounts is/are ***not*** maintained by the Comptroller and Auditor General of India?

1. The Accounts of a State
2. The Railway Accounts
3. The Union Government Accounts
4. Defence Accounts

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 2 only

*(b)* 2 and 4

*(c)* 1 and 3

*(d)* 1 and 2

**94.** Which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* There are two categories of Mini Ratna Public Sector Enterprises (PSEs) in India

*(b)* The Mini Ratna PSEs can have wholly owned subsidiaries

*(c)* The Mini Ratna PSEs cannot raise capital from the international market

*(d)* The Mini Ratna PSEs can induct non-official directors

**91.** प्रधानमन्त्री कार्यालय के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. प्रधानमन्त्री कार्यालय को, भारत सरकार कार्य आबंटन नियमावली, 1961 के अधीन विभाग का दर्जा दिया गया।
2. प्रधानमन्त्री कार्यालय की अधिकारिता ऐसे सभी विषयों एवं क्रियाकलापों पर विस्तृत है, जो किसी एक विभाग को विशेष रूप से आबंटित नहीं हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**92.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

उपदर्शक (इंडिकेटिव) योजना निर्दिष्ट करती है

1. विकास की व्यापक दिशाएँ
2. सामरिक महत्त्व के क्षेत्रों में दीर्घावधि लक्ष्य
3. सरकारी योजना के अनन्य क्षेत्र

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* केवल 1 और 3

**93.** निम्नलिखित में से किस/किन लेखा/लेखाओं को भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा **नहीं** रखा जाता?

1. राज्य की लेखाएँ
2. रेल लेखाएँ
3. संघ सरकार लेखाएँ
4. रक्षा लेखाएँ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 2

*(b)* 2 और 4

*(c)* 1 और 3

*(d)* 1 और 2

**94.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* भारत में लघु (मिनी) रत्न पब्लिक सेक्टर उद्यम की दो श्रेणियाँ हैं

*(b)* लघु रत्न पब्लिक सेक्टर उद्यम की अपनी पूर्ण स्वामित्व की अधीन कम्पनियाँ (सब्सीडरीज़) हो सकती हैं

*(c)* लघु रत्न पब्लिक सेक्टर उद्यम अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ार से पूँजी एकत्र नहीं कर सकते हैं

*(d)* लघु रत्न पब्लिक सेक्टर उद्यम गैर-सरकारी निदेशकों को भर्ती कर सकते हैं

**95.** Which of the following trends are emerging in Public Sector Enterprises in India due to the impact of liberalization?

1. Strengthening the operational autonomy
2. Encouraging competition with private sector
3. Motivating competition among public enterprises themselves

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**96.** On which of the following matters does the Finance Commission make recommendations to the President of India?

1. The distribution between Union and States of net proceeds of taxes and allocation between the States of their respective shares of such proceeds
2. The principles which should govern the grants-in-aid of the revenues of the States out of the Consolidated Fund of India

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**97.** Consider the following statements with respect to the Election Commission of India :

1. The terms of office of the Election Commissioners is the same as the Chairman of the Union Public Service Commission.
2. In case of difference of opinion amongst the Chief Election Commissioner and/or other Election Commissioners, the matter is referred to the President of India.
3. Independence of the Election Commission and its insulation from executive interference is ensured by a special provision under Article 324(5) of the Constitution of India.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 3

*(d)* 2 and 3

**98.** Which among the following countries does ***not*** have a Central Civil Service Commission charged with the responsibility for recruitment to the higher civil service?

*(a)* Canada

*(b)* Great Britain

*(c)* USA

*(d)* France

**95.** उदारीकरण के प्रभाव के कारण भारत में पब्लिक सेक्टर उद्यमों में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रवृत्तियाँ उभर रही हैं?

1. संक्रियात्मक स्वायत्तता को दृढ़ बनाना
2. प्राइवेट सेक्टर के साथ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना
3. सरकारी उद्यमों में आपसी प्रतिस्पर्धा अभिप्रेरित करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**96.** निम्नलिखित में से किस/किन मामले/मामलों पर वित्त आयोग भारत के राष्ट्रपति को संस्तुति देता है?

1. निवल कर प्राप्तियों का संघ और राज्यों के बीच आबंटन और इन प्राप्तियों का राज्यों के बीच उनके अपने-अपने हिस्सों के अनुसार आबंटन
2. भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्व के सहायता अनुदान को विनियमित करने वाले सिद्धान्त

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**97.** भारत के निर्वाचन आयोग के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निर्वाचन आयुक्तों की पदावधि संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की पदावधि के समान है।
2. मुख्य निर्वाचन आयुक्त और/या अन्य निर्वाचन आयुक्तों के बीच मतांतर होने पर मामला भारत के राष्ट्रपति को निर्दिष्ट किया जाता है।
3. निर्वाचन आयोग की स्वतन्त्रता और कार्यपालिका के हस्तक्षेप से इसका पृथक्करण भारत के संविधान के अनुच्छेद 324(5) के अधीन विशेष उपबन्ध द्वारा सुनिश्चित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* 2 और 3

**98.** निम्नलिखित में से किस देश के पास केन्द्रीय सिविल सेवा आयोग, जिसके पास उच्चतर सिविल सेवा में भर्ती के दायित्व का प्रभार हो, **नहीं** है?

*(a)* कनाडा

*(b)* ग्रेट ब्रिटेन

*(c)* यू० एस० ए०

*(d)* फ्रांस

**99.** Recruitment to the higher civil services in India is based on the recommendations of which of the following Committee/Commission Reports?

1. Paul Appleby
2. Macaulay
3. Hanumanthaiah
4. D. S. Kothari

Select the correct answer using the code given below :

*Code :*

*(a)* 1, 2 and 4

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1, 3 and 4

*(d)* 2 and 4 only

**100.** Which one of the following statements is ***not*** correct with regard to the Comptroller and Auditor General of India (CAG)?

*(a)* The CAG has been awarded a fully independent status

*(b)* The CAG can only be removed on the recommendation of the President

*(c)* The salary and emoluments of the CAG are charged on the Consolidated Fund of India

*(d)* The tenure of CAG is fixed for six years

**101.** A Member of the UPSC may be removed on the ground of misbehaviour by

*(a)* both the Houses of Parliament by way of impeachment

*(b)* the President on the basis of enquiry by the Supreme Court

*(c)* the Chairman of the UPSC

*(d)* the Prime Minister on the basis of the recommendation of the Cabinet

**102.** Consider the following statements with respect to duties of the Prime Minister according to the Constitution of India :

1. To make rules for the more convenient transaction of business of the Government of India, and for the allocation among Ministers of the said business
2. If the President so requires, to submit for consideration of the Council of Ministers any matter on which a decision has been taken by a Minister but which has not been considered by the Council

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**99.** भारत में उच्चतर सिविल सेवाओं में भर्ती निम्नलिखित में से किस एक समिति/आयोग की रिपोर्ट की संस्तुतियों पर आधारित है?

1. पॉल एप्पलबी
2. मैकाले
3. हनुमंथैया
4. डी० एस० कोठारी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 4

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1, 3 और 4

*(d)* केवल 2 और 4

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) के विषय में सही **नहीं** है?

*(a)* CAG को पूर्णतः स्वतंत्र स्थिति प्रदान की गई है

*(b)* CAG को केवल राष्ट्रपति की अनुशंसा पर ही हटाया जा सकता है

*(c)* CAG के वेतन और परिलब्धियाँ भारत की संचित निधि पर प्रभारित होते हैं

*(d)* CAG का कार्यकाल छः वर्षों के लिए नियत है

**101.** संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य कदाचार के आधार पर हटाया जा सकता है

*(a)* संसद् के दोनों सदनों द्वारा, महाभियोग लगाकर

*(b)* राष्ट्रपति द्वारा, उच्चतम न्यायालय द्वारा की गई जाँच के आधार पर

*(c)* संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष द्वारा

*(d)* प्रधानमन्त्री द्वारा, मन्त्रिमण्डल की अनुशंसा के आधार पर

**102.** भारत के संविधान के अनुसार, प्रधानमन्त्री के कार्यों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत सरकार के कार्यों के अपेक्षाकृत अधिक सुविधाजनक संचालन के लिए और उक्त कार्यों के मन्त्रियों के बीच आबंटन के लिए नियम बनाना
2. यदि राष्ट्रपति ऐसा चाहे, तो कोई मामला, जिस पर किसी मन्त्री द्वारा निर्णय लिया गया हो, किन्तु मन्त्रिपरिषद् द्वारा विचार न किया गया हो, मन्त्रिपरिषद् के विचारार्थ भेजना

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**103.** Which one of the following is the correct chronological order of the Committee/Commission Reports?

*(a)* Macaulay–Aitchison–Lee–Fulton–Islington

*(b)* Aitchison–Macaulay–Fulton–Islington–Lee

*(c)* Macaulay–Aitchison–Islington–Lee–Fulton

*(d)* Islington–Aitchison–Lee–Fulton–Macaulay

**104.** Which one of the following features does ***not*** necessarily apply to generalist administration in India?

*(a)* They are trained professionals in administration

*(b)* They have been educated in technical disciplines

*(c)* They can head or work in any government department

*(d)* They have a broader view of administration

**105.** Which one of the following is ***not*** correct in respect of the Governor's Ordinance-making power?

*(a)* It is exercised only when the Legislature is not in session

*(b)* It is a discretionary power which need not be exercised with the aid and advice of Ministers

*(c)* The Governor himself is competent to withdraw the Ordinance at any time

*(d)* The scope of the Ordinance-making power is limited to subjects in List II and List III of Schedule VII

**106.** Which one of the following statements, with regard to the State Legislature, is ***not*** correct?

*(a)* The Council of Ministers is collectively responsible to the Governor

*(b)* Under Article 167 of the Constitution of India, the Chief Minister has to communicate to the Governor all decisions of the Council of Ministers relating to the administration of the affairs of the State and proposals for legislation

*(c)* Once the Governor reserves a Bill for the consideration of the President, the subsequent enactment of the Bill is in the hands of the President and the Governor shall have no further part in its career

*(d)* The executive power of the State is vested in the Governor and all executive actions of the State has to be taken in the name of the Governor

**107.** Which one of the following statements is ***not*** correct with regard to the Cabinet Secretary of India?

*(a)* The office of the Cabinet Secretary was created in the year 1950

*(b)* The Cabinet Secretary is the principal secretary to the Prime Minister

*(c)* The Cabinet Secretary provides secretarial assistance to all Cabinet committees

*(d)* Tenure of the Cabinet Secretary is fixed for five years

**103.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक समिति/आयोग की रिपोर्टों का सही कालानुक्रम है?

*(a)* मैकाले–ऐचिसन–ली–फुल्टन–इसलिंगटन

*(b)* ऐचिसन–मैकाले–फुल्टन–इसलिंगटन–ली

*(c)* मैकाले–ऐचिसन–इसलिंगटन–ली–फुल्टन

*(d)* इसलिंगटन–ऐचिसन–ली–फुल्टन–मैकाले

**104.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक विशेषता भारत में सामान्यज्ञ प्रशासन पर आवश्यक रूप से लागू **नहीं** होती?

*(a)* वे प्रशासन में प्रशिक्षित व्यावसायिक हैं

*(b)* वे तकनीकी विद्या शाखाओं में शिक्षित किए गए हैं

*(c)* वे किसी सरकारी विभाग में अध्यक्षता या कार्य कर सकते हैं

*(d)* उनके पास प्रशासन का अपेक्षाकृत अधिक व्यापक दृष्टिकोण है

**105.** राज्यपाल की अध्यादेश करने की शक्ति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* इसका प्रयोग केवल तभी किया जाता है, जब विधानमण्डल सत्र में न हो

*(b)* यह विवेकाधिकार है, जिसके प्रयोग के लिए मन्त्रियों की सहायता या राय आवश्यक नहीं है

*(c)* राज्यपाल अध्यादेश के किसी भी समय प्रत्याहरण के लिए स्वयं सक्षम है

*(d)* अध्यादेश करने की शक्ति का विस्तार अनुसूची VII की सूची II और सूची III के विषयों तक सीमित है

**106.** राज्य विधानमण्डल के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* मन्त्रिपरिषद् राज्यपाल के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी है

*(b)* भारत के संविधान के अनुच्छेद 167 के अधीन, मुख्यमन्त्री को राज्य के कार्यों के प्रशासन सम्बन्धी और विधान विषयक प्रस्थापना सम्बन्धी मन्त्रिपरिषद् के सभी विनिश्चय राज्यपाल को संसूचित करना होता है

*(c)* जब एक बार राज्यपाल कोई विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित कर लेता है, तो विधेयक का पश्चात्वर्ती अधिनियमन राष्ट्रपति के पास होता है और राज्यपाल का आगे इसकी वृत्ति में कोई भाग नहीं होगा

*(d)* राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित है और राज्य की सभी कार्यपालिका कार्यवाहियाँ राज्यपाल के नाम से की जानी होती हैं

**107.** भारत के मन्त्रिमण्डल सचिव के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* मन्त्रिमण्डल सचिव का पद वर्ष 1950 में सृजित किया गया था

*(b)* मन्त्रिमण्डल सचिव प्रधानमन्त्री का प्रधान सचिव होता है

*(c)* मन्त्रिमण्डल सचिव सभी मन्त्रिमण्डल समितियों को सचिवीय सहायता प्रदान करता है

*(d)* मन्त्रिमण्डल सचिव का कार्यकाल पाँच वर्षों के लिए नियत है

**108.** Which of the following statements with respect to State Level Directorate is/are correct?

1. It is always headed by a specialist.
2. It is a line organization.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**109.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I* | | *List–II* |
|---|---|---|---|
| A. | Lord Wellesley | 1. | Created the post of Civil Judge |
| B. | Warren Hastings | 2. | Created the office of Chief Secretary |
| C. | William Bentinck | 3. | Created the office of District Collector |
| D. | Lord Cornwallis | 4. | Created the post of Deputy Collector |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 3 | 1 |
| *(b)* | 1 | 3 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 3 | 4 | 1 |
| *(d)* | 1 | 4 | 3 | 2 |

**110.** Which one of the following recommended the separation of regulatory and development functions at the district level?

*(a)* Dantwalla Committee

*(b)* Hanumantha Rao Committee

*(c)* Administrative Reforms Commission

*(d)* G. V. K. Rao Committee

**111.** Consider the following statements :

The Prime Minister as the head of the Council of Ministers

1. has a free hand in the distribution of portfolios
2. can reshuffle the Ministers and ask any Minister to resign
3. is bound by the advice of the Ministers
4. advises the Ministers in day-to-day administration of Ministries

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1, 2 and 4

*(d)* 3 and 4

**108.** राज्य स्तरीय निदेशालय के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इसका प्रमुख सदैव कोई विशेषज्ञ होता है।
2. यह लाइन संगठन है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**109.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. लॉर्ड वेलेज़्ली | 1. सिविल जज का पद सृजित किया |
| B. वारेन हेस्टिंग्स | 2. मुख्य सचिव का पद सृजित किया |
| C. विलियम बेन्टिंक | 3. जिला कलेक्टर का पद सृजित किया |
| D. लॉर्ड कॉर्नवालिस | 4. उपकलेक्टर का पद सृजित किया |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 3 | 1 |
| *(b)* | 1 | 3 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 3 | 4 | 1 |
| *(d)* | 1 | 4 | 3 | 2 |

**110.** निम्नलिखित में से किसने जिला स्तर पर नियामक एवं विकास कार्यों में पृथक्करण की सिफारिश की?

*(a)* दंतवाला समिति

*(b)* हनुमंत राव समिति

*(c)* प्रशासनिक सुधार आयोग

*(d)* जी० वी० के० राव समिति

**111.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

प्रधानमन्त्री मन्त्रिपरिषद् के प्रमुख के रूप में

1. संविभागों के वितरण में स्वतन्त्र होता है
2. मन्त्रियों में फेरबदल कर सकता है और किसी मन्त्री का त्यागपत्र माँग सकता है
3. मन्त्रियों की सलाह से बँधा होता है
4. मन्त्रियों को मन्त्रालयों के दैनन्दिन प्रशासन में सलाह देता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 4

*(d)* 3 और 4

**112.** The Administrative Reforms Commission (1966) recommended the establishment of 'Lokpal' in India on the lines of Ombudsman of which of the following countries?

1. Finland
2. Denmark
3. Norway
4. Switzerland

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 4

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 3 and 4

**113.** Mayor-in-Council form of Municipal Corporation is

*(a)* brought in by the 74th Constitutional Amendment Act

*(b)* based on the theory of separation of powers

*(c)* akin to Cabinet form of government

*(d)* based on the American local government pattern

**114.** Consider the following statements :

State Finance Commissions

1. receive grants directly from the Finance Commission set up by the Union Government
2. review the economic conditions of the various Panchayati Raj Institutions and Municipal Bodies in the State

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**115.** Consider the following statements :

The 73rd Constitutional Amendment Act provided

1. for 27% reservation of seats at the Panchayats for the Other Backward Castes (OBCs)
2. that the Chairpersons of the Panchayats at intermediate or district level, shall be elected by, and from amongst the elected members thereof

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**112.** प्रशासनिक सुधार आयोग (1966) ने भारत में 'लोकपाल' की, निम्नलिखित में से किन देशों के ओम्बड्ज़मैन की तरह स्थापना की अनुशंसा की?

1. फिनलैंड
2. डेनमार्क
3. नॉर्वे
4. स्विट्ज़रलैंड

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 4

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* 3 और 4

**113.** नगर निगम का सपरिषद् महापौर (मेयर-इन-काउंसिल) स्वरूप

*(a)* 74वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा लाया गया है

*(b)* शक्ति पृथक्करण के सिद्धान्त पर आधारित है

*(c)* मन्त्रिमण्डलीय स्वरूप की सरकार के सदृश है

*(d)* अमेरिकी स्थानीय शासन प्रतिरूप पर आधारित है

**114.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

राज्य वित्त आयोग

1. संघ सरकार द्वारा स्थापित वित्त आयोग से सीधे अनुदान प्राप्त करते हैं
2. राज्य की विभिन्न पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों की आर्थिक दशाओं की समीक्षा करते हैं

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**115.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

73वें संविधान संशोधन अधिनियम ने

1. अन्य पिछड़ी जातियों (OBCs) के लिए पंचायतों में 27% स्थानों के आरक्षण का उपबन्ध किया
2. यह उपबन्ध किया कि मध्यवर्ती या जिला स्तर पंचायतों का/की अध्यक्ष उनके निर्वाचित सदस्यों में से और निर्वाचित सदस्यों द्वारा निर्वाचित होंगे/होंगी

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

*Directions* :

The following **five (5)** items consist of two statements, one labelled as 'Assertion (A)' and the other as 'Reason (R)'. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the code given below.

*Code* :

*(a)* Both A and R are individually true and R is the correct explanation of A

*(b)* Both A and R are individually true but R is ***not*** the correct explanation of A

*(c)* A is true but R is false

*(d)* A is false but R is true

**116.** Assertion (A) :

A system constantly reacts to the outside environment and undergoes a process of change.

Reason (R) :

A system has an inherent survivability instinct, which increases its capacity to face changes.

**117.** Assertion (A) :

Coordination is both a positive and a negative concept.

Reason (R) :

Coordination prevents disharmony, inefficiency, wastage and conflict in an organization.

**118.** Assertion (A) :

Governor can withhold a non-Money Bill passed by the Legislature.

Reason (R) :

Governors are empowered by the Article 200 of the Constitution of India to do so.

**119.** Assertion (A) :

Conventional Public Administration is based upon the dichotomy of politics and administration.

Reason (R) :

Public Administration in India and Britain is opposed to any political role of civil servants.

**120.** Assertion (A) :

Functional supervision runs counter to the principle of unity of command.

Reason (R) :

Unity of command is helpful in attaining the unity of direction.

**निर्देश :**

निम्नलिखित **पाँच (5)** प्रश्नांशों में दो वक्तव्य हैं, एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए।

**कूट :**

*(a)* A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है

*(b)* A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण **नहीं** है

*(c)* A सही है, परन्तु R ग़लत है

*(d)* A ग़लत है, परन्तु R सही है

**116.** कथन (A) :

व्यवस्था बाह्य परिवेश के प्रति निरंतर प्रतिक्रिया करती है और परिवर्तन की प्रक्रिया से गुजरती है।

कारण (R) :

व्यवस्था में उत्तरजीविता के लिए सहज मूल प्रवृत्ति होती है, जो परिवर्तनों का सामना करने की इसकी क्षमता को बढ़ाती है।

**117.** कथन (A) :

समन्वय सकारात्मक और नकारात्मक दोनों संकल्पना है।

कारण (R) :

समन्वय संगठन में असामंजस्य, अदक्षता, अपव्यय और द्वन्द्व का निवारण करता है।

**118.** कथन (A) :

राज्यपाल विधानमण्डल द्वारा पारित किसी विधेयक को, जो धन-विधेयक न हो, विधारित कर सकता है।

कारण (R) :

राज्यपाल ऐसा करने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 द्वारा सशक्त है।

**119.** कथन (A) :

परंपरागत लोक प्रशासन राजनीति और प्रशासन के द्वि-भाजन पर आधारित है।

कारण (R) :

भारत और ब्रिटेन में लोक प्रशासन सिविल सेवकों की किसी भी राजनीतिक भूमिका का विरोधी है।

**120.** कथन (A) :

प्रकार्यात्मक पर्यवेक्षण समादेश की एकता के सिद्धान्त के विरुद्ध है।

कारण (R) :

समादेश की एकता, निदेश की एकता प्राप्त करने में सहायक है।

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

★★★

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

टी.बी.सी. : **P-DTQ-J-QVB** | परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या 16049

# परीक्षण पुस्तिका

**A**

## लोक प्रशासन

**समय : दो घण्टे** | **पूर्णांक : 300**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल **एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.